Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **गुढ़ामलानी, बाड़मेर में जोधपुर डिस्कॉम का तकनीकी सहायक 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *25 नवम्बर, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर बाड़मेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये रूकमकेश मीणा तकनीकी सहायक, जोधपुर डिस्कॉम, जीएसएस रतनपुरा, (गुढ़ामलानी) जिला बाड़मेर को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की बाड़मेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि कृषि कनेक्शन को शिफ्ट करने की एवज में रूकमकेश मीणा तकनीकी सहायक, जोधपुर डिस्कॉम, जीएसएस रतनपुरा, (गुढ़ामलानी) जिला बाड़मेर द्वारा परिवादी से 20 **हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री सवाई सिंह गोदारा** के सुपरवीजन में एसीबी बाड़मेर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामनिवास** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा गुढ़ामलारी, बाड़मेर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये रूकमकेश मीणा पुत्र श्री श्रवण लाल मीणा निवासी ग्राम सेवा, तहसील वजीरपुर, जिला सवाई माधोपुर हाल तकनीकी सहायक, जोधपुर डिस्कॉम, जीएसएस रतनपुरा, (गुढ़ामलानी) जिला बाड़मेर को परिवादी से **10 हजार रुपये रिश्वत** राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री हेमन्त प्रियदर्शी के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।